# आठवीं – गणित (हिंदी माध्यम)

ज्ञानसेवा तु साफल्यम्

## महाराष्ट्र विद्या प्राधिकरण, पुणे 30.
## प्रगत शैक्षणिक महाराष्ट्र
## शैक्षणिक प्रगति कसौटी : संकलित मूल्यमापन 2 : 2017-18
## कक्षा : आठवीं – विषय : गणित (लिखित)

**विद्यार्थी का नाम :** ______________________ **उपस्थिति क्रमांक :** [ ]

**विद्यालय का नाम :** ______________________ **वर्ग :** ________

**केंद्र :** __________ **तहसील** __________ **जिला** __________ **दिनांक :** / /2018

| प्रश्न क्रमांक | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | प्रात्य./मौखिक | प्राप्त अंक | | | शिक्षक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राप्तांक | | | | | | | मूलभूत क्षमता | कक्षा की क्षमता | कुल | |
| अधिकतम अंक | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | | | 60 | |

**मौखिक कसौटी के उत्तर यहाँ लिखो । (प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक)**

**M 1** [ ]

**M 2** [ ]

**M 3** ______________

**M 4** [ ]

**M 5** [ ] [ ]

# लिखित कसौटी

**प्रश्न क्र. 1 से 3 प्रत्येक उपप्रश्न के लिए एक अंक । (आवश्यकतानुसार खाली जगह में प्रश्नों को हल करो ।)**

**प्र. 1 अ)** संख्या अक्षरों में लिखो ।

60512 ______________________________

**ब)** संख्या अंकों में लिखो ।

पच्चीस हजार पच्चीस [ ]

**क)** संख्या का विस्तारित रूप दिया है । उसके आधार पर संख्या लिखो ।

90000 + 800 + 4 = [ ]

**ड)** जोड़ो ।

$$\begin{array}{r} 7538 \\ +\ 1673 \\ \hline \end{array}$$

**इ)** पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत मड़ियाहूँ व मछलीशहर तहसील में कुछ पौधे लगाने का उद्देश्य निश्चित किया गया । उस क्रम में 55,275 व 65,079 पौधे लगाये गये, तो दोनों तहसील में कुल कितने पौधे लगाये गए?

**फ)** घटाओ ।

$$\begin{array}{r} 11625 \\ -\ 7052 \\ \hline \end{array}$$

**ग)** एक संस्था ने सामाजिक उपक्रम के लिए ₹ 75000 जमा करने का निश्चय किया । लोकसहभाग से संस्था को ₹ 81650 मिले, तो संस्था द्वारा निश्चित की गई राशि से कितनी अधिक राशि मिली?

**ह)** गुणा करो ।

$$\begin{array}{r} 4167 \\ \times \quad 43 \\ \hline \end{array}$$

**ज)** भाग दो । 2691 ÷ 13

**ल)** कागज़ की थैली बनाने वाली कार्यशाला में 275 विद्यार्थियों ने भाग लिया । प्रत्येक विद्यार्थी ने कागज़ की 15 थैलियाँ बनायी, तो कागज की कुल कितनी थैलियाँ तैयार हुई ?

**प्र. 2 अ)** नीचे दी गई संख्या को शब्दों में लिखो ।


$-\sqrt{324}$ ______________________________

**ब)** एक समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल 104 वर्ग सेमी है । उसका आधार 13 सेमी है, तो उसकी ऊँचाई ज्ञात करो ।

**क)** समीकरण हल करो।

$$\frac{x+26}{7} = 2x$$

**ड)** समबाहु चतुर्भुज LMNP में कर्ण LN तथा कर्ण MP परस्पर A बिंदुपर प्रतिच्छेदित करते हैं, तो m∠MAN का माप कितना?





m∠MAN = ☐

**इ)** अपरिमेय संख्या को गोल करो ।

$\sqrt{36}$, $\sqrt{121}$, 3.25, $\sqrt{17}$

**फ)** ‘O’ केंद्र वाले वृत्त की त्रिज्या 5 सेमी है, जीवा AB की वृत्त की केंद्र से दूरी 3 सेमी है, तो जीवा AB की लम्बाई ज्ञात करो ।




**ग)** सारणी का निरीक्षण कर के विचरण का प्रकार लिखो ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गति (किमी प्रति घंटा) | 30 | 45 | 120 | 20 |
| लगनेवाला समय (घंटा) | 6 | 4 | 1.5 | 9 |

________________

**ह)** एक गाँव के 40 किसानों के जानवरों की संख्या की जानकारी नीचे की बारंबारता सारणी में दिखाई गई है । इस आधार पर सारणी में खाली जगह भरो ।

<table>
<tr><th>जानवरों की संख्या</th><th>गणन चिह्न</th><th>बारंबारता</th></tr>
<tr><td>1</td><td>|||</td><td>03</td></tr>
<tr><td>2</td><td>卌 ||</td><td>....................</td></tr>
<tr><td>3</td><td>....................</td><td>12</td></tr>
<tr><td>4</td><td>卌 ||||</td><td>09</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">कुल बारंबारता = ............................</td></tr>
</table>

**ज)** गुणा करो ।

(m +2) (m +3) =

**ल)** एक वृत्त की त्रिज्या 14 सेमी है । उस वृत्त का क्षेत्रफल ज्ञात करो ।

**प्र. 3 अ)** 216 का घनमूल लिखो।


**ब)** $3x^2 - 7x + 8$ इस बहुपद का घात लिखो ।

**क)** एक लंबवृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 88 सेमी व ऊँचाई 20 सेमी है, तो उस लंबवृत्तीय बेलन के वक्रपृष्ठीय भाग का क्षेत्रफल ज्ञात करो ।

**ड)** मान ज्ञात करो ।

$$\left(3^{\frac{1}{2}}\right)^4 =$$

इ ) O केंद्र वाले वृत्त में चाप AXB का माप $80^0$ है । $\angle AOB$ का माप लिखो ।




$m\angle AOB =$ ☐

फ) भाग दो ।

$14n^6 \div 7n^2$

ग) एक विक्रेता ने ₹ 750 की कीमत वाली अगरबत्ती का पैकेट बेचा, तो 4 प्रतिशत की दर उसे कितना कमीशन मिलेगा ?

ह) गुणनखंड ज्ञात करो ।

$25m^2 - 36n^2$

**ज)** 7 सेमी त्रिज्या वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात करो ।

**ल)** खाली चौखट में उचित संख्या लिखो ।

$$(15 \times 13)^{\frac{1}{5}} = 15^{\square} \times 13^{\square}$$

**प्रश्न क्र. 4 व 5 के प्रत्येक उपप्रश्न के लिए 2 अंक ।**

**प्र. 4 अ)** □ABCD की रचना करो : जिसमें $l$ (AB) = 3.5 सेमी, $l$ (BC) = 4.5 सेमी, $l$ (CD) = 4 सेमी, $m\angle B = 110^0$ तथा $m\angle C = 80^0$ हो।

**ब)** गुणनखंड ज्ञात करो ।

$8a^3 - 27b^3$


**क)** एक शंकु के आधार की त्रिज्या 6 सेमी तथा उँचाई 7 सेमी है। उस शंकु का घनफल ज्ञात करो ।

**ड)** भाग दो तथा उसके आधार पर रिक्त स्थान भरो । $y + 1 \overline{)2y^3 + 6y^2 + 12y + 8}$

भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल

$(2y^3 + 6y^2 + 12y + 8) = (y + 1) \times (__________) + (__________)$

**इ)** आकृति में, केंद्रीय कोण का माप $70^0$ है, तो अंतर्लिखित कोण का माप ज्ञात करो । उत्तर का कारण लिखो ।




अंतर्लिखित कोण का माप = ☐

कारण ________________________

____________________________

**प्र. 5 अ)** जोसेफ ने ₹ 1,00,000 में एक गाड़ी खरीदी । उस गाड़ी की कीमत में प्रतिवर्ष 15% की कमी होती है, तो 2 वर्ष पश्चात उस गाड़ी का दाम कितना होगा?

**ब)** सरल करो ।

$x^{\frac{1}{5}} \div x^{\frac{1}{7}}$

**क)** एक दुकान से प्रज्ञा ने ₹ 100 की वस्तु ₹ 90 में खरीदी तथा श्रेया ने ₹ 200 की वस्तु ₹ 190 में खरीदी। इस व्यवहार में किसे अधिक लाभ हुआ? स्पष्ट करो ।

**ड)** निम्नलिखित बहुपदों का एकपद, द्विपद तथा त्रिपद में वर्गीकरण करो ।

($15m^2 - 7m$,   $10y^2 + 8y - 4$,   $-16\,p$,  $17 - x^2$)

एकपद ____________________________________________

द्विपद ____________________________________________

त्रिपद ____________________________________________

**इ)** दो आईस्क्रीम सेंटर में मार्च महीने में बिक्री की गई आम तथा चॉकलेट आईस्क्रीम के कपों की संख्या नीचे की सारणी में दी गई है।

| आईस्क्रीम प्रकार | मयूर सेंटर | मधुर सेंटर |
|---|---|---|
| आम | 150 | 200 |
| चॉकलेट | 300 | 100 |

ऊपर दी गई जानकारी के आधार पर Y अक्ष पर 1 सेमी = 50 कप पैमाना मानकर संयुक्त स्तंभालेख बनाओ ।

